हिन्दी दैनिक web-www.plnews.in R.N.I.NO.UPHIN/2014/56946

# पब्लिक की लहर

आम आदमी की आवाज

वर्ष : 13 अंक : 82 पृष्ठ 4 Email: publickilehar@gmail.com लखनऊ शनिवार 22 अगस्त 2026

# अधिशाषी अभियंता की अध्यक्षता में जल चौपाल का हुआ आयोजन

लखीमपुर खीरी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत गुरुवार को विकास खंड फूलबेहड़ की ग्राम पंचायत पिपरा मरोड़ा में जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जल चौपाल एवं जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण मनोज कुमार मौर्य ने ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के महत्व और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।



अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मौर्य ने ग्रामीणों से पेयजल योजनाओं से जुड़ी जानकारी, सुझाव एवं शिकायत दर्ज कराने के लिए "जल सारथी ऐप" डाउनलोड करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐप के माध्यम से ग्रामीण अपनी समस्याओं और सुझावों को सीधे विभाग तक पहुंचा सकते हैं।जल चौपाल के दौरान ग्रामीणों से योजना के संचालन और नियमित जलापूर्ति के संबंध में फीडबैक भी लिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें योजना के तहत नियमित रूप से शुद्ध पेयजल प्राप्त हो रहा है, जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के सदुपयोग, जल संरक्षण तथा पानी की बर्बादी रोकने की शपथ दिलाई गई। अधिकारियों ने जल स्रोतों के संरक्षण और पानी के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश भी दिया।कार्यक्रम में संबंधित सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर, कार्यदायी संस्था एनसीसी लिमिटेड के प्रतिनिधि, डीपीएमयू एवं टीपीआईए के प्रतिनिधियों के साथ ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।